12.04 hrs.

BUSINESS OF THE HOUSE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission Madam, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 6th of July, 2009, will consist of:-

1. Presentation of Budget (General) for 2009-10 at 11.00 a.m. on Monday, the 6th of July, 2009.
2. Introduction of the Finance (No.2) Bill, 2009.
3. General Discussion on Budget (Railways) for 2009-10
4. General Discussion on Budget (General) for 2009-10.
5. Discussion and Voting on Demands for Excess Grants (General) for 2006-07.
6. Introduction, consideration and passing of the Appropriation Bill relating to the Demands for Excess Grants (General) for 2006-07.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं निम्नलिखित लोकमहत्व के मामलों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल करने का अनुरोध करता हूं -

1. महाराष्ट्र विशेषकर विदर्भ में मानसून की देरी से किसानों की बुआई के अभाव में बदहाल स्थिति, क्षेत्र में सिंचाई का अभाव, जलाशयों के सूखने से अकाल की स्थिति को देखते हुए किसानों को इस स्थिति से उबारने तथा इसकी भरपाई के लिए मुफ्त बीज, उर्वरक, बिजली तथा मस्य उत्पादन के लिए मस्य बीजों को तत्काल उपलब्ध कराने में केंद्र सरकार धनराशि आवंटन के साथ तत्काल कार्रवाई करे।
2. महाराष्ट्र के चंद्रपुर शहर में स्थित 600 वर्ष पुराने गोंडकालीन प्राचीन किला (परकोट) मरम्मत और देखभाल के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहा है। इस प्राचीन ऐतिहासिक विरासत को बचाने तथा संरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार पहल करे और इसकी मरम्मत तथा देखभाल हेतु तत्काल कार्रवाई करे।

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, निम्नलिखित लोकमहत्व के मामलों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल करने का अनुरोध करता हूं -

1. देश में देरी से आते हुए मानसून एवं खंड वर्षा के संबंध में चर्चा।
2. देश में बजट के पूर्व चीजों के बढ़ते हुए दामों के कारणों पर चर्चा।

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): अध्यक्ष महोदया, निम्नलिखित लोकमहत्व के मामलों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में समावेश करने का अनुरोध करता हूं -

1. मध्यप्रदेश के टीकमगढ़, छतरपुर सहित सभी जिलों के ऐतिहासिक किलों का संरक्षण कर उन्हें पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।
2. बुंदेलखंड में बारिश न हो पाने से किसानों के समक्ष जो गंभीर संकट पुनः पैदा हो गया है, एक अध्ययन दल भेजकर क्षेत्र की स्थिति का जायजा एवं किसानों की मदद के लिए कदम उठाए जाएं।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):अध्यक्ष महोदया, मैं अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित चार बड़ी रेल लाइनों के निर्माण हेतु समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर बजट में पर्याप्त धनराशि आबंटित करने पर विचार हेतु शामिल करने का अनुरोध करता हूं -

1. भानुपल्ली-बिलासुपर-बैरी रेलवे लाइन
2. घनौली-बद्दी रेलवे लाइन
3. नंगल-तलवाड़ा रेलवे लाइन
4. बिलासपुर-मंडी-मनाली-लेह/लद्दाख रेलवे लाइन

श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन): अध्यक्ष महोदया, मैं बुंदेलखंड क्षेत्र का निवासी हूं। मैं आपका ध्यान बुंदेलखंड की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं, जहां लगातार पांच वर्षों से सूखा पड़ रहा है।

अध्यक्ष महोदया : आप संक्षेप में अपनी बात कहिए।

श्री घनश्याम अनुरागी : माननीय अध्यक्ष महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषयों को सम्मिलित करने का कष्ट करें।

1. बुन्देलखंड क्षेत्र को सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए तथा विशेष पैकेज दिया जाए।

2. जालौन जिले में पचनदा पर बांध का निर्माण तुरंत कराया जाए।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी) : अध्यक्ष महोदया, ग्रीष्म कालीन सेवा के नाम पर नई ट्रेनें चलाई जाएं। सियालदह एक्सप्रैस, तूफान एक्सप्रैस, कटिहार एक्सप्रैस तथा मथुरा एक्सप्रैस का ठहराव भरवारी स्टशन जनपद (कौशाम्बी) में अपडाउन ट्रेनों का ठहराव किया जाए।

भरवारी व सिराथू रेलवे स्टेशन जनपद कौशाम्बी को जनपद का जंक्शन स्टेशन बनाया जाए। महानन्दा एक्सप्रैस-मूरी एक्सप्रैस, प्रयागराज एक्सप्रैस, रीवा एक्सप्रैव, दिल्ली हावड़ा एक्सप्रैस ट्रेन्स को अपडाउन में ठहराव उपरोक्त स्टेशनों पर किया जाए।